**भारत की राष्ट्रपति**

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

**का**

**पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधन**

**चंडीगढ़, 12 मार्च, 2025**

मुझे आज पंजाब University के दीक्षांत समारोह में आप सबके बीच आकर प्रसन्नता हो रही है। मैं उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देती हूं। स्वर्ण पदक विजेताओं की मैं प्रशंसा करती हूं। मैं honoris causa डिग्री और रत्न पुरस्कार पाने वाले सभी विशिष्ट लोगों को विशेष बधाई देती हूं।

किसी भी संस्थान और विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का दिन अत्यंत गर्व और खुशी का अवसर होता है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता और उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ ही यह दिन भविष्य की यात्रा पर विचार करने का अवसर भी होता है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के माता-पिता और प्राध्यापकगण भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने हर कदम पर इनका साथ दिया और मार्गदर्शन किया।

मुझे बताया गया है कि इस university में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में लड़कों और लड़कियों की संख्या लगभग बराबर है। लेकिन university के toppers में 80 प्रतिशत से भी अधिक लड़कियां हैं। मैं सभी girl students को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। यह उल्लेखनीय उपलब्धि, लड़कियों को शिक्षित करने और सशक्त बनाने के महत्व को उजागर करती है, क्योंकि वे बाधाओं को पार करके हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करती हैं। ऐसी उत्कृष्ट

प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए माता-पिता और विश्वविद्यालय की मैं सराहना करती हूं। एक शिक्षित लड़की न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को विकास की ओर ले जाती है।

देवियो और सज्जनो,

पिछले 140 से भी अधिक वर्षों में यह university उच्च शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो चुकी है। अकादमिक, खेल, अनुसन्धान और सांस्कृतिक क्षेत्रों में इस university ने अपनी अलग पहचान बनायी है। मुझे बताया गया है कि इस university और इससे सम्बद्ध कालेजों में एक लाख 82 हज़ार से भी अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। देश के विभिन्न भागों से विद्यार्थी यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

मुझे बताया गया है कि पंजाब University लंबे समय से खेल और extra-curricular उत्कृष्टता का केंद्र रही है। मुझे यह भी बताया गया है कि इस university ने 17 बार मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी जीती है, जो यहां के athletes के समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। यहां के विद्यार्थियों मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने 2024 के पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर देश को अत्यंत गौरवान्वित किया है। मैं इन सभी उपलब्धियों के लिए पंजाब University की पूरी टीम को बधाई देती हूं।

यह सराहनीय है कि पंजाब University में विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार अनुसन्धान, नवाचार और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुझे बताया गया है कि समाज में योगदान देने के लिए Population Research Centre, Department of Community Education and Disability Studies के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंजाब University के कई विद्यालय हैं जहां अनेक युवा शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

देवियो और सज्जनो,

मुझे बताया गया है कि पंजाब University में academia-industry linkage को बढ़ावा देने के लिए Centre for Industry Institute Partnership Programme चलाया जा रहा है। मैं university के सभी नीति-निर्माताओं से कहना चाहूंगी कि university-industry linkage और future-readiness पर अधिक काम करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जिन विषयों में भी पढ़ाई कर रहे हैं, उनमें application-based शिक्षा होनी चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी विद्यार्थी उसी विषय से सम्बंधित नौकरी या उद्यम को चुनें। लेकिन यह आवश्यक है कि जो शिक्षा भी वे यहां प्राप्त कर रहे हैं, वह उनके जीवन-यात्रा में और उनके संघर्षों में उनका सहयोग करे, उनकी सहायता करे। आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा और प्रतिस्पर्धा की भावना भी लोगों में बढ़ती रहेगी। इसलिए यह ज़रूरी है कि हर विद्यार्थी के पास चुनौतियों का सामने करने के लिए positive mindset और advanced skill-set हो। Emerging technologies की जानकारी और उनका सदुपयोग करने की क्षमता को अर्जित और निरंतर विकसित करना भी आपकी सफलता के लिए आवश्यक होगा।

प्रिय विद्यार्थियो,

हमारे युवाओं में करुणा, संवेदनशीलता और राष्ट्र-प्रेम की भावना अवश्य होनी चाहिए। देश और देशवासियों के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना सभी युवाओं का कर्तव्य है। आप जैसे सक्षम युवाओं को देश के पिछड़े और वंचित वर्गों के लोगों के लिए अवश्य कार्य करना चाहिए। अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हुए आपको यह ध्यान रखना है कि जो विकास की यात्रा में पीछे रह गए हैं उनकी ओर हाथ बढ़ाकर उन्हें भी आगे लाना है। तभी समावेशी और स्थाई

विकास संभव होगा। मुझे विश्वास है कि आप देश और समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

प्रिय विद्यार्थियो,

यह आप सबके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है कि आपको इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है। इस विश्वविद्यालय ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नोबेल laureates से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने वाली और उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई महान विभूतियां समाज को दी है। इस विरासत को आप आगे बढ़ाएंगे, यह मेरा विश्वास है। आप अपने सपनों को साकार करने के साथ-साथ अपने प्रयासों तथा दूरदर्शी सोच के माध्यम से समाज, राष्ट्र और विश्व में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। अपनी university के साथ आपका जुड़ाव समाप्त नहीं होना चाहिए। मुझे आशा है कि पंजाब University में ग्रहण की गई शिक्षा और यहां का अनुभव आपको जीवन में सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में सहायता करेगा। आप भविष्य में इस university से जुड़े रहकर भावी पीढ़ी को भी प्रेरणा और मार्गदर्शन देते रहेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं आप सब के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!